सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 141 | इंदौर, शुक्रवार 06 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# मप्र में 2 दिन बाद फिर तेज ठंड का दौर

## पूर्वी हिस्से में 8 दिसंबर को बारिश के आसार, ग्वालियर-चंबल में सर्द हवाएं चलेंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में अगले 2 दिन यानी 48 घंटे बाद मौसम फिर से बदलेगा। रात में तेज ठंड का दौर शुरू होगा, जबकि पूर्वी हिस्से यानी- जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में बारिश होने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से पूर्वी हिस्से में बारिश होने की संभावना है।**

मौसम वैज्ञानिक यादव के अनुसार, अभी मौसम में कोई बदलाव नहीं होगा। रात के पारा में जरूर मामूली गिरावट हो सकती है, लेकिन दिन में तापमान 26 डिग्री से अधिक ही रहेगा। बता दें कि पिछले दो दिन से मौसम का मिला-जुला असर है। दिन में गर्मी है, जबकि रात में भी पारा 6 से 8 डिग्री तक बढ़ा है।

6 और 7 दिसंबर को भी ऐसा ही मौसम रहेगा, लेकिन फिर मौसम बदल जाएगा। पूर्वी हिस्से के संभाग में बारिश होती है तो भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर और चंबल संभाग में तेज ठंड पड़ेगी।

### उत्तरी हवाओं की वजह से ग्वालियर-चंबल में ज्यादा ठंड

अभी उत्तर भारत में 12.6 किमी की ऊंचाई पर 240 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही हैं। यह हवाएं ग्वालियर-चंबल में सबसे ज्यादा असर कर रही है। सर्द हवाओं की वजह से इन



दोनों ही संभाग में रात का तापमान ज्यादा लुढ़का हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, जब हवा की ऊंचाई कम होगी, तब प्रदेश में सर्द हवाओं से ठंड का असर और भी बढ़ जाएगा।

### 'फेंगल' तूफान का असर खत्म

फेंगल तूफान की वजह से पूरे प्रदेश में पिछले दो दिन से बादल छाए हुए थे। बुधवार को भी ऐसा ही मौसम रहा, लेकिन गुरुवार को बादल छट गए और धूप निकल आई। इस कारण दिन के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिली।

गुरुवार को भोपाल, गुना, नर्मदापुरम, उज्जैन, खजुराहो, मंडला, सिवनी और उमरिया में पारा 30 डिग्री से अधिक रहा। मंडला, सिवनी और नर्मदापुरम में तो टेम्प्रेचर 31 डिग्री या इससे अधिक पर पहुंच गया।

### ग्वालियर समेत 13 शहरों में रात का पारा 12 डिग्री से नीचे

बुधवार-गुरुवार की रात ग्वालियर समेत प्रदेश के 13 शहरों में रात का तापमान 12 डिग्री से नीचे रहा। शिवपुरी के पिपरसमा में पारा 9.7 डिग्री रहा। वहीं राजगढ़, अशोकनगर के आंवरी, छतरपुर के नौगांव, खजुराहो, शहडोल के कल्याणपुर, ग्वालियर, नर्मदापुरम के पचमढ़ी, रीवा, टीकमगढ़, बालाघाट के मलाजखंड और रायसेन में 12 डिग्री से कम रहा। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 13.8 डिग्री, इंदौर में 17.1 डिग्री, ग्वालियर में 11, उज्जैन 16.7 और जबलपुर में 13.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## विजयवर्गीय बोले- दिग्विजयजी, वेश बदलकर राम मंदिर जाना और दंडवत करना

### सागर में कहा- हमारे राम बहुत दयालु हैं, माफ कर देंगे



**सागर, (एजेंसी)। दिग्विजय सिंह कहते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे। दिग्विजय जी, हमने भूमिपूजन और प्राण प्रतिष्ठा की भी तारीख बताई। मंदिर बन गया। आप चुपचाप वेश बदल कर जाना। जितने कुकर्म किए हैं, सबका वहां पर दंडवत कर लेना। हमारे राम बड़े दयालु हैं, आपको माफ कर देंगे।**

मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने ये बात सागर में कही। सागर के पद्माकर सभागार में आयोजित बूथ समिति सम्मेलन में मंत्री विजयवर्गीय ने एक संस्मरण सुनाया। कहा कि हम नारा लगाते थे- राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे।

वीपी सिंह उस समय प्रधानमंत्री थे, मध्यप्रदेश में पटवा मुख्यमंत्री थे, मैं भी उनके साथ विधायक था। एक पत्र आया सरकार के पास कि आप लिखकर दो कि हम राम मंदिर निर्माण का समर्थन नहीं करते, नहीं तो हम आपकी सरकार भंग कर देंगे। भाजपा की 4 राज्यों में सरकार थी। हमने राम मंदिर के लिए सरकार को ठोकर मार दी। आंदोलन समाप्त नहीं किया।

### भाजपा हमेशा देश की चिंता करती है

विजयवर्गीय ने कहा कि भारत विश्व गुरु बनने की ओर चल पड़ा है। लोकसभा चुनाव में कुछ लोगों ने नरेटिव चलाया, लेकिन मध्यप्रदेश में उसका कोई असर नहीं पड़ा। यहां के कार्यकर्ता सजग थे। लोकसभा की सभी 29 सीटें हम जीते। भाजपा हमेशा देश की चिंता करती है, भारतीय जनता पार्टी हमेशा देश के लिए राजनीति करती है। सरकार बनती है और आती-जाती रहती है, लेकिन संगठन हमेशा स्थायी होता है।

### हम कुर्सी के लिए राजनीति नहीं करते

विजयवर्गीय ने कहा- हमारा संगठन देश के लिए राजनीति करता है। बाकी संगठन कुर्सी के लिए राजनीति करते हैं। हमने अपनी विचारधारा के कारण कुर्सी को लात मार दी। विचारधारा से समझौता नहीं किया। हम कुर्सी के लिए राजनीति नहीं करते। कार्यक्रम के दौरान मंत्री विजयवर्गीय ने बूथ समिति सम्मेलन में शासन की योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ पत्रों का वितरण किया। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं का सम्मान किया।

**14 फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार**

# 70 हजार में डिग्री देने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 8वीं पास भी इलाज कर रहा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सूरत। गुजरात पुलिस ने सूरत से डॉक्टरी की फर्जी डिग्री देने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह पिछले 32 साल से कम पढ़े-लिखे बेरोजगारों को 70 हजार में फर्जी डिग्रियां देने का काम कर रहा था। रजिस्ट्रेशन रिन्यू करवाने के लिए 5 हजार रुपए फीस भी लेता था।**

इनमें से एक तो आठवीं पास है। वहीं एक फर्जी डॉक्टर शमीम अंसारी भी शामिल है, जिसके गलत इलाज की वजह से कुछ दिन पहले एक बच्ची की मौत हो गई थी। इस मामले में अब तक कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरोह के 2 मुख्य आरोपी डॉ. रमेश गुजराती और बीके रावत के पास से पुलिस को सैकड़ों एप्लिकेशन और सर्टिफिकेट मिले हैं। यह गिरोह अब तक 1200 लोगों को फर्जी डॉक्टरी सर्टिफिकेट दे चुका था।

पुलिस ने खबर मिलने पर पांडेसरा में 3 क्लिनिक पर छापा मारा। जहां इनके पास से बैचलर ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिसिन एंड सर्जरी के सर्टिफिकेट मिले, जिन्हें सूरत के ही 2 डॉक्टरों ने जारी किया था।

इनकी जांच करने पर पता चला कि जो सर्टिफिकेट इन्हें दिया गया था, वह गुजरात



सरकार से मान्यता प्राप्त नहीं है। पुलिस के साथ छापा मारने गई टीम ने भी कहा कि डिग्री फर्जी है।

मुख्य आरोपी ने 1990 में की थी इलेक्ट्रो होम्योपैथी की पढ़ाई पकड़े गए आरोपी डॉ. रमेश गुजराती ने पुलिस के सामने कबूल किया कि उसने 1990 के दशक में BHMS की पढ़ाई की थी। वह कई ट्रस्ट में वक्ता के तौर पर काम करता रहा, लेकिन जब इससे ज्यादा मुनाफा नहीं हुआ तो उसने इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में कदम रखा। उसने यह गिरोह इसलिए शुरू किया क्योंकि भारत सरकार या राज्य सरकार ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिए कोई नियम लागू नहीं किए हैं।

गुजराती ने 2002 में गोपीपुरा इलाके में एक कॉलेज शुरू किया था, लेकिन छात्रों की कमी के कारण कॉलेज बंद हो गया। इसके बाद उसने रावत के साथ मिलकर डिग्रियां बेचने का धंधा शुरू कर दिया।

रजिस्ट्रेशन वाली वेबसाइट भी फर्जी रमेश गुजराती को पता चला कि भारत में इलेक्ट्रो-होम्योपैथी के लिए कोई नियम-कानून नहीं हैं। इसके बाद उसने इसी कोर्स में डिग्री देने के लिए एक बोर्ड बनाने की प्लानिंग की। इसके लिए उसने पांच लोगों को काम पर रखा। उन्हें इलेक्ट्रो-होम्योपैथी में ट्रेनिंग दी।

3 की जगह 2 साल में ही डिग्री पूरी करवाकर उन्हें इलेक्ट्रो-होम्योपैथी दवाएं लिखने की ट्रेनिंग दी। इन्होंने 70 हजार रुपए दिए इसके बाद 15 दिन के अंदर ही उन्हें सर्टिफिकेट दे दिए गए। इनका रजिस्ट्रेशन करने वाली वेबसाइट भी फर्जी थी।

# 50 हजार में बिक रही 5 हजार की टिकट

## सिंगर दिलजीत दोसांझ के लाइव कनसर्ट पर विवाद, सिख समाज बोला-कालाबाजारी हो रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में 8 दिसंबर को मशहूर पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ का लाइव कनसर्ट होने वाला है। इस कार्यक्रम के टिकट की कालाबाजारी करने के आरोप लग रहे हैं। इंदौर-2 से बीजेपी विधायक रमेश मेंदोला ने टिकट की कालाबाजारी का विरोध करते हुए सिख समाज को उचित राशि पर टिकट उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर आशीष सिंह को ज्ञापन सौंपा है। बता दें कि दिलजीत दोसांझ भारत में ह्यदिल-लुमिनाती टूरह्न कर रहे हैं। इसी का एक शो इंदौर में होने वाला है।**

### सिख समाज बोला- टिकट की कालाबाजारी से ठेस पहुंची

दिलजीत दोसांझ के लाइव कनसर्ट को लेकर सिख समाज में काफी उत्साह है। कुछ दिन पहले इस कार्यक्रम के टिकट कि ऑनलाइन बिक्री शुरू की गई और कुछ ही मिनटों में बिक्री बंद भी हो गई। अब टिकट की मोटी कालाबाजारी का मामला सामने आया है। दूसरे शहरों से लोग इंदौर आकर होटलों में आकर रुके हैं और ऊंचे दामों पर सौदेबाजी कर रहे हैं।

सिख समाज ने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में लिखा है- आपसे निवेदन है कि इंदौर का सिख समाज भी इस कार्यक्रम का साक्षी बनना चाहता है। आयोजकों की ओर से तय दाम पर ही टिकट खरीदना चाहता है। लेकिन, काला बाजारियों ने सिख समाज के उत्साह को ठेस पहुंचाई है।

### मेंदोला बोले- 5 हजार का टिकट 50-50 हजार में बिक रहा

विधायक रमेश मेंदोला ने कहा कि मैं सिख समाज के साथ कलेक्टर से मिलने आया हूं। यहां पर कनसर्ट का आयोजन स्थल बहुत छोटा है। वहां की सड़क काफी संकरी है, जिसके कारण ट्रैफिक जाम के हालात बनने से हमारा पूरा क्षेत्र प्रभावित होगा। इस आयोजन के टिकट की काला बाजारी हो रही है। 5 हजार के टिकट 50-50 हजार रुपए में बिक रहा है। कार्यक्रम में शराब परोसने की परमिशन भी दी गई है। कलेक्टर से निवेदन किया है कि शराब की परमिशन न दी जाए। वहीं, लोगों को 5 हजार का टिकट 5 हजार में ही मिले, ऐसी व्यवस्था प्रशासन करे। इसके लिए हमने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

### कलेक्टर ने कहा- नियमानुसार ही अनुमति दी जाएगी

कलेक्टर आशीष सिंह ने इस पूरे मामले को लेकर कहा कि सिख समाज ने इंदौर में दिलजीत दोसांझ के कार्यक्रम को लेकर ज्ञापन दिया है। जिसमें ट्रैफिक, टिकट के साथ ही अन्य कुछ चीजों के बारे में लिखा है। नियमानुसार जो भी होगा उसी के आधार पर अनुमति दी जाएगी। कार्यक्रम में आबकारी नियमों का पालन भी कराया जाएगा। प्रशासन इस बात का भी पूरा ध्यान रखेगा कि कानून-व्यवस्था और ट्रैफिक के हालात न बिगड़ें।

### कालाबाजारी को लेकर लॉ स्टूडेंट ने भेजा था नोटिस

दिलजीत दोसांझ देश भर के 10 बड़े शहरों में कनसर्ट कर रहे हैं। इस कनसर्ट का सबसे बड़ा शो दिल्ली में हुआ था। लेकिन टिकट के रेट को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। बता दें कि दिलजीत का ये शो कुछ घंटों में ही फुल हो गया था। ऐसे में एकदम से आए टिकट के रेट में उछाल को लेकर दिलजीत की फैन और लॉ स्टूडेंट रिद्धिमा कपूर ने उन्हें लीगल नोटिस भेज था। दिलजीत के अलावा ये नोटिस जोमैटो, एचडीएफसी बैंक और सारेगामा प्राइवेट लिमिटेड को भी भेजा गया था। नोटिस में कहा गया था कि टूर से पहले टिकट की कीमतों में हेराफेरी की गई है, जो अनुचित है।

### टिकट बुक कराने के नाम पर युवक से 90 हजार ठगे

8 दिसंबर को होने वाले शो के नाम पर 1 महीने पहले ठगी का मामला भी सामने आया था। एक बदमाश ने सोशल मीडिया पर टिकट बेचने की स्टोरी डालकर एक युवक को झांसे में लिया और 9 टिकट के बदले 90 हजार रुपए ठगे थे। युवक ने अपने और दोस्तों के लिए 9 टिकट लेने के 90 हजार 800 रुपए क्यूआर कोड स्कैनर के जरिए ट्रांसफर किए थे। फरियादी ने आरोपी का सोशल मीडिया अकाउंट देखा जो अब एक्टिव नहीं है। आरोपी के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो कॉल डिसकनेक्ट होने लगा। बाद में मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। तब पुलिस में शिकायत की गई थी।

# पूर्व मंत्री ठाकुर बोली- इंदौर में बांग्लादेशियों की जांच हो

## विधायक मेंदोला ने एक्स पर लिखा- यूनूस से वापस लिया जाए नोबेल शांति पुरस्कार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में रह कर काम कर रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ अब बीजेपी की पूर्व मंत्री भी मैदान में आ गई है। मंत्री ने प्रशासन से इंदौर के सराफा बाजार और सदर बाजार में रहकर काम कर रहे बांग्लादेशियों की जांच कर उन्हें तत्काल यहां से विदा करने की मांग की है।**

बता दें कि पिछले दिनों इंदौर कांग्रेस ने भी शहर में रह रहे बांग्लादेशियों की जांच की मांग की थी। कांग्रेस ने सराफा एसोसिएशन को पत्र लिखकर जांच करने को कहा था। साथ ही कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि यदि कोई व्यक्ति अनैतिक तरीके से यहां रह रहा है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

पूर्व मंत्री व महू विधायक उषा ठाकुर ने कहा कि, हम जिला प्रशासन को पत्र लिखकर यह मांग कर रहे है कि जितने भी बांग्लादेशी कारोबारी और मजदूर यहां काम करने आए है इनका भी परिक्षण किया जाना चाहिए। इनका आधार कार्ड और समग्र आईडी चेक करना चाहिए। वहीं जितने भी बांग्लादेशी है उन सबको यहां से तत्काल विदा करना चाहिए।

गौरतलब है कि इंदौर के सराफा बाजार में 15,000 से अधिक बंगाली कारीगर सोने के जेवर बनाने का काम करते हैं। ये कारीगर सराफा बाजार के आसपास किराए के मकानों में रहते हैं और सराफा बाजार में दबड़ेनुमा कमरों में बैठ कर काम करते है। इन कारिगरों की एक एसोसिएशन भी है। सूत्रों के मुताबिक, इन कारीगरों में कुछ बांग्लादेश से आए लोग भी शामिल हो सकते हैं, लेकिन उनकी सही संख्या का कोई पुख्ता रिकॉर्ड नहीं है।

### विधायक मेंदोला ने नोबल पुरस्कार समिति से की मांग

इंदौर 2 के विधायक रमेश मेंदोला ने बांग्लादेश में निर्दोष हिन्दुओं के नरसंहार के विरोध में नोबल पुरस्कार समिति से मांग की है कि, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख युनुस मोहम्मद से नोबल विश्व शान्ति पुरस्कार वापस लिया जाए। मेंदोला ने एक्स पर भी पोस्ट करते हुए कहा है कि बांग्लादेश में हिन्दुओं के नरसंहार और उत्पीड़न के विरुद्ध इंदौर से उठी आवाज अब वैश्विक स्वर ले रही है। मैं नोर्वे स्थित नोबल पुरस्कार समिति से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख युनुस मोहम्मद से नोबल विश्व शान्ति पुरस्कार वापस लेने की मांग करता हूं। बता दें कि युनुस मोहम्मद को नोबल प्राइज कमेटी ने साल 2006 में नोबल विश्व शान्ति पुरस्कार से सम्मानित किया था। नोबल प्राइज कमेटी से मांग करते हुए मेंदोला ने कहा कि- पुरस्कार की नीति की समीक्षा करनी चाहिए। जो व्यक्ति अपने देश का मुखिया रहते हुए हिंदू उत्पीड़न, अवैध धर्मांतरण और नरसंहार का जिम्मेदार है। वह नोबल विश्व शान्ति पुरस्कार विजेता कहलाने के योग्य नहीं हो सकता।

# स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं के लिए पश्चिम क्षेत्र बिजली कंपनी ने दी एक और सुविधा

## विच्छेदित कनेक्शन बिल भरते ही अपने आप जुड़ जाएगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने स्मार्ट मीटर से संबंद्ध उपभोक्ताओं को गुरुवार से एक और सुविधा प्रदान की हैं। यदि किसी स्मार्ट मीटर से संबंधित उपभोक्ता का कनेक्शन बकाया बिल राशि तय समय तक जमा नहीं करने पर ऑटोमेटिक कटता हैं, तो ऑन लाइन, कैशलेस तरीके से बिल भरते ही उसका कनेक्शन कुछ मिनट में ही पुनः जुड़ जाएगा। उसे बिजली कार्यालय आने या किसी को फोन करने, जमा रसीद भेजने की आवश्यकता नहीं होगी। मप्र में सबसे पहले इंदौर से स्मार्ट मीटर कन्ज्यूमर ऑटोमेशन प्रक्रिया प्रारंभ होने और नई उपभोक्ता सुविधा प्रदान करने पर ऊर्जामंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई ने कार्मिकों को बधाई दी हैं।

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि सबसे पहले ऑटोमेशन की यह सुविधा 2020 से 2024 तक लगे स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को प्रदान की गई है। इसके लिए कंपनी की सूचना प्रौद्योगिकी शाखा, पेमेंट गेटवे सिस्टम और स्मार्ट मीटर परियोजना शाखा को एक दूसरे से रियल टाइम संबंद्ध किया गया हैं। बिजली कंपनी उपभोक्ताओं के नियत तिथि तक बिल राशि जमा करने की सुविधा व राशि जमा करने का संदेश देती है, इसके बाद भी यदि स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं की बकाया राशि जमा नहीं होने पर बिजली ऑटोमेटिक रूप से कटती हैं। तो बिल राशि एवं बिजली कनेक्शन काटने, जोड़ने की राशि सहित कुल बिल मोबाइल/कम्प्यूटर पर दिखेगा। उक्त कुल बिल राशि जमा करते ही कनेक्शन अपने आप जुड़ जाएगा। इस सुविधा के लिए पेमेंट गेटवे से सूचनाएं तुरंत ही बिजली कंपनी की सूचना प्रौद्योगिकी शाखा के पास आएगी, कुछ सेकंड में यह सूचना अपने आप स्मार्ट मीटर परियोजना के सर्वर तक पहुंच जाएगी , फिर कनेक्शन अपने आप जुड़ जाएगा। प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि पहले चरण में यह सुविधा 2020 से 2024 के बीच लगे 7.25 लाख स्मार्ट मीटर से संबद्ध उपभोक्ताओं को दी गई है। इस अवधि के पहले के स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को भी यह सुविधा प्रदान करने के लिए विभागीय तौर पर कार्य किया जा रहा हैं। कंपनी की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने ऑटोमेशन कार्य के लिए सूचना प्रौद्योगिकी शाखा और स्मार्ट मीटर शाखा की टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत से ही उपभोक्ताओं को सौगात दी जा सकी हैं।

### समय पर बिल राशि भरने की अपील

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा कि शासन के आदेशानुसार कृषि क्षेत्र के लिए दस घंटे एवं अन्य सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति व्यवस्था प्रभावी हैं। ऐसे में उपभोक्ता बकाया बिजली बिल समय पर जमा करे, कैशलेस बिजली बिल जमा करने पर नियामक आयोग के आदेशानुसार प्रति बिल छूट दी जाती है। वहीं राशि जमा नहीं करने पर अधिभार एवं कनेक्शन काटने, जोड़ने की राशि वसूल की जाती हैं।

# शिविर में 43 यूनिट रक्त एकत्र कर हास्पिटल में जमा किया

**इंदौर।** श्री जयंतीलाल हीराचंद संघवी गुजराती इनोवेटिव कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस मे राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट द्वारा विश्व एड्स दिवस पखवाडा मनाया जा रहा है, इसी संदर्भ में 4.12.24 को महाविद्यालय मे तृतीय एक दिवा शिविर आयोजित किया गया, जिसकी थीम ब्लड डोनेशन थी। कार्यक्रम एचडीएफसी बैंक व एमवाय हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान मे आयोजीत हुआ, कार्यक्रम मे कुल 72 सेवक/सेविकाये , एनसीसी के विधार्थी ब्लड देने आये थे, जिनके माध्यम से 43 यूनिट रक्त एकत्र कर हॉस्पिटल मे जमा किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से महाविद्यालय के चेयरमैन नवनीत भाई, प्रिंसिपल डॉ सौरभ परिख के मार्गदर्शन मे सम्पन्न हुआ।

## आरटीओ की यात्री बसों पर कार्यवाही

# 20 से अधिक वाहनों से वसूला 60 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर लोक परिवहन वाहनों बसों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। इस अभियान के तहत आज क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के उड़नदस्ते द्वारा वाहनों की विशेष चेकिंग की गई।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों बसों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है, जिसमें वाहनों के फिटनेश, परमिट, बीमा, ढवउ, कर प्रमाण पत्र, बसों में ओवरलोडिंग ,अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर ल्रफढ नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। वाहन की गति ,स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि आज विशेष रूप से इंदौर से पीथमपुर, इंदौर से मानपुर इंदौर से इंडोरामा रूट की बसों की चेकिंग की गई । यात्रियों से अधिक किराया लेने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने परमिट शर्तों का उल्लंघन करने, बसों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 20 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया । साथ ही 02 स्कूली वाहन मैजिक ओमनी वाहन बिना दस्तावेज के संचालित पाए जाने से इन्हें जब्त किया गया। इस दौरान वाहनों से 60 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

# इंदौर से शिर्डी जा रही बस का एक्सीडेंट

## ब्रेकफेल होने से आगे चल रहे ट्रक में घुसी, 18 यात्री घायल, एक गंभीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर/सेंधवा/(बड़वानी)। मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे के बिजासन घाट में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे इंदौर से शिर्डी जा रही मध्य प्रदेश राज्य परिवहन निगम से अनुबंधित बस ब्रेक फेल होने से आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। हादसे की सूचना के बाद पुलिस, हाईवे पर गश्त करने वाले कर्मचारी और बिजासन क्षेत्र के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। दुर्घटना में 18 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें 3 महिलाएं हैं। घायलों को गश्ती वाहन और निजी वाहनों से सेंधवा के सिविल अस्पताल भेजा गया। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। आगे बैठे यात्री घायल हुए हैं, वहीं अचानक से धक्का लगने पर यात्री एक-दूसरे पर जा गिरे। गंभीर रूप से घायल सुमित पिता कल्याण को बड़वानी के जिला अस्पताल रेफर किया गया है।**

ग्रामीणों का कहना है कि टोल प्लाजा की एंबुलेंस सूचना देने के बाद भी मौके पर नहीं पहुंची। बस में बैठकर महाराष्ट्र जा रहे कन्नडगांव निवासी राजू ने बताया- मैं और बेटी बस में पीछे की ओर बैठे थे। बिजासन घाट पर अचानक जोर से आवाज आई। पीछे की सवारी आगे बैठे लोगों के ऊपर जा गिरी। मेरी बेटी भी सीटों के बीच फंस गई, जिसे सीट तोडक़र मैंने निकाला।

### ड्राइवर बोला- सेंधवा में ठीक कराया था ब्रेक

बस ड्राइवर लाखन सिंह ने बताया कि बस के ब्रेक में कुछ दिक्कत थी, इसलिए घटना स्थल से 16 किमी पहले सेंधवा में ब्रेक ठीक कराया था। इसके बाद घाट में अचानक ब्रेक फेल हो गए। बस रोकने का प्रयास किया, लेकिन घाट क्षेत्र होने के कारण स्पीड बढ़ गई और बस आगे चल रहे वाहन में जा घुसी। बस का ड्राइवर स्टीयरिंग में बुरी तरह फंस गया था, जिसे मशक्कत कर बाहर निकाला गया। ड्राइवर के पैरों में चोट आई है।

### एक घायल की हालत गंभीर

हादसे की सूचना के बाद बिजासन चौकी प्रभारी धनेश्वर पाटिल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। 10 से अधिक घायलों को निजी वाहनों से अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां सभी का इलाज चल रहा है। सिविल अस्पताल के सीबीएमओ डॉ. ओंकार सिंह कनेल ने बताया कि 13 में से एक यात्री की हालत गंभीर है। उसे रेफर किया जा रहा है। बाकी घायल यात्रियों की हालत ठीक है।

### ये हैं घायल

1- सत्यम मेघराज (23) सागर
2- शांताबाई पति निम्बा (65) सेंधवा
3- विनोद पिता पिरण पवार (14) सेंधवा
4- शेरू धनीराम (26) शिवपुरी
5- भीरू धनीराम (24) शिवपुरी
6- लंका पति लहू (35) महाराष्ट्र
7- भरत बाजीराव (40) महाराष्ट्र
8- कविता महेश (17) कुसमी
9- लखन सिंह पिता लक्ष्मण सिंह (24) उज्जैन
10- विशाल पिता कुंवर सिंह (17) जलखेड़ा
11- धर्मेंद्र मांगीलाल (32) इंदौर
12- खुशाल पिता कुंवर सिंह (15) जलखेड़ा
13- सुमित पिता कल्याण (40) ठीकरी
14- सुंदरी बाई पति राजू (30) कन्नडग़ांव
15- आशिया पिता राजू (8) कन्नड़ गांव
16- राजू पिता मांगा (32) कन्नड़ गांव
17- काशीराम पिता सापडिय़ा (50) कुंजरी
18 - सोनू बाई पति काशीराम (48) कुंजरी

### 40 मिनट जाम रहा हाईवे

हादसे के बाद घाट क्षेत्र में मुंबई जाने वाले मार्ग कर करीब 40 मिनट से ज्यादा देर तक ट्रैफिक जाम रहा। घटना स्थल पर पहुंचे बिजासन चौकी के पुलिस जवान और हाईवे गश्त के कर्मचारियों ने ट्रैफिक जाम को क्लियर कराया।

# बुजुर्ग महिलाओं से चेन लुटने वाले बदमाश पकड़ाए

## लूट का माल खरीदने वाले सुनाकर को भी बनाया आरोपी

### स्लग-एरोड्रम पुलिस को मिली बड़ी सफलता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मंदिर दर्शन करने जा रही बुजुर्ग महिलाओं को टारगेट कर उनकी चेन लूटने वाले शातिर बदमाशों को एरोड्रम पुलिस ने गिर तार कर लिया है। पुलिस ने लूट का माल खरीदने वाले सुनार को भी आरोपी बनाया है। पुलिस ने शातिर बदमाशों के कब्जे से पांच सोने की चेन, एक मोटर सायकल सहित कुल 5 लाख का मश्रुका बरामद किया है। वहीं अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

डीसीपी विनोद कुमार मीणा ने बताया कि 28 नवंबर को 60 फिट रोड अंबिकापुरी एक्सटेंशन वाली गली में धार से आई बुजुर्ग महिला के गले से अज्ञात बाइक सवार बदमाश चेन लूटकर फरार हो गए थे। उक्त घटना की रिपोर्ट बुजुर्ग महिला ने एरोड्रम थाने में दर्ज कराई थी और बताया था कि लुटेरों ने वारदात के समय लाल रंग का जैक व सिंदूरी रंग की शर्ट पहन रखी थी। इस पर डीसीपी मीणा ने आरोपियों की धरपकड़ के लिए एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा,एसीपी विवेक चौहान को निर्देशित किया। इस पर एरोड्रम थाना प्रभारी राजेश साहू के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

**दो सौ कैमरे खगाले-** टीआई राजेश साहू और उनकी टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे करीब दो सौ सीसीटीवी कैमरे खगाले व टेक्निकल सर्विलांस के माध्यम से फुटेज का पीछा करते हुए जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के टावर चौराहा तक पहुंचे और चेन लूटने के बारे में जानकारी एकत्र की। जानकारी एकत्र करने के बाद पुलिस ने वारदात में शामिल हिमांशू महिलवाल को पकड़ा और पूछताछ की तो उसने अपने साथी पीयूष जैन और राहुल राणावत के साथ मिलकर एक वर्ष में एरोड्रम थाना क्षेत्र के चार स्थानों में चैन लूटने की वारदात करना कबूल किया। इस पर पुलिस ने हिंमाशु महिवाल निवासी आदित्य नगर शाजापुर के बयान के आधार पर उसके साथी पीयूष जैन निवासी कालानी नगर और राहुल राणावत निवासी शाजापुर को गिर तार किया। इन्होंने सुनार अंकुर सोनी निवासी शाजापुर को लूट का माल बेचा कबूल किया इस पर पुलिस ने उसे भी आरोपी बनाया। पुलिस ने गिर त में आए बदमाशों के कब्जे से लूटी गई चेन बरामद कर ली है वहीं अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

**इन स्थानों पर की वारदातें-** शातिर बदमाशों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उन्होंने 25 जुलाई 24 को अमृतग्रीन होटल के पास से जैन मंदिर जा रही 61 वर्षीय बुजुर्ग महिला के गले से छीन झपटना कबूल किया। जो बदमाशों से पुलिस ने बरामद कर ली है। इसी तरह एरोड्रम क्षेत्र में 8 जुलाई को अंकित होटल के सामने से जा रही 66 वर्षीय महिला के गले से चेन चुराना कबूल किया वहीं तिलनगर क्षेत्र में 12 नवंबर को उदय नगर क्षेत्र से 6& वर्षीय महिला के गले से चेन झपटना स्वीकारा। इन वारदातों में लूटी गई चेन पुलिस ने आरोपियों से बरामद कर ली है।

**कई अपराध हैं तीनों पर-** लुटेरे हिमाशुं महिवाल,पीयूष जैन और राहुल राणावत का अ'छा खासा आपराधिक रिकार्ड है। पुलिस ने इनसे अन्य घटनाओं के संबंध में स ती से पूछताछ कर रही है उन्हें आरोपियों से कुछ और अहम सुराग मिलने की उ मीद है वहीं पुलिस से बचेने के लिए बदमाशों ने दौड़ लगाई तो उनके हाथ पैर टूट गए। मीडिया के सामने जब लुटेरों को पेश किया गया तो उनके हाथ पैर टूटे हुए थे।

# ज्यादातर शिकायतों में हैक हुए सोशल मीडिया अकाउंट रिकवर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राईम ब्रांच इंदौर में सोशल मीडिया हैकिंग संबंधित शिकायत में 11 आवेदकों के साथ 2,24,995 रुपए की ऑनलाइन ठगी की शिकायतें प्राप्त हुई। उक्त में तीन मुख्य शिकायतें है जिसमें इंदौर की निवासी आवेदिका आरुषि की बेटी की व्हाट्सएप हैक करके व्हाट्सएप पर आवेदिका को मेडिकल इमरजेंसी बोलकर हॉस्पिटल इलाज हेतु मैसेज किया आवेदिका द्वारा अपनी बेटी समझकर अज्ञात ठग को रुपए ट्रांसफर कर दी और वह ठगी की शिकार हो गई। दूसरी शिकायत में आवेदक विनय के फेसबुक मित्र की फेसबुक आईडी को हैक करके आवेदक को शेयर मार्केट ट्रेडिंग में प्राफिट होना बताकर ठग द्वारा ऑनलाइन रुपए प्राप्त कर ठगी की गई एवं तीसरी शिकायत में आवेदक राजाराम के इंस्टाग्राम मित्र की इंस्टाग्राम आईडी को हैक करके आवेदक को मेडिकल इमरजेंसी बताकर ठग द्वारा ऑनलाइन रुपए प्राप्त कर ठगी की गई। सभी शिकायतों में संबंधित बैंक खातों को ब्लॉक कराया गया है एवं एक लाख से अधिक राशि को होल्ड करवाते हुए कोर्ट के आदेश से ठगी गई राशि को रिफंड कराए जाने की प्रोसेस की जा रही है। आवेदकों के हैक हुए सोशल मीडिया अकाउंट को भी शीघ्र रिकवर कराया जा रहा है।

क्राइम ब्रांच ने आम लोगों के साथ हो रही इस तरह की वारदातों को लेकर एडवायजरी भी जारी की है।

वाट्सएप ग्रुप एवं इंस्टाग्राम,फेसबुक आदि सोशल मीडिया मैसेज में प्राप्त अंजान लिंक एवं एपीके सॉफ्टवेयर फाइल पर क्लिक-डाउनलोड न करें। अंजान लिंक एवं एपीके फाइल वाट्सएप ग्रुपों एवं अन्य परिचितों को शेयर कभी न करें। वाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक पर हमेशा टू स्टेप वेरीफिकेशन लगाकर रखे। बहुत आवश्यक न हो तो फेसबुक,इंस्टाग्राम,वाट्सएप प्रोफाइसल फोटो,स्टेटस सेटिंग भी ओनली फ्रेंड ही रखें, पब्लिक न करें।

वाट्सएर, इंस्टाग्राम, फेसबुक हैक होने पर सबसे पहले अपने कॉल फारवर्डिंग सेटिंग को डिसेबल करें और अगर कोई एपीके सॉफ्टवेयर इंस्टॉल हुआ तो तत्काल उसे डिलीट या मोबाइल फार्मेट करें।

कितनी भी जल्दी हो ओटीपी मैसेज ध्यान से पढ़ें और शेयर न करें। सोशल मीडिया फ्रेंड्स द्वारा मैसेज में इमरजेंसी बताकर रुपए मांगने पर बिना वेरिफाई करे जल्दबाजी में रुपए ट्रांसफर न करें।

ऑनलाइन फ्राड एवं सोशल मीडिया हैक होने पर एनसीआरपी पोर्टल 1930 पर कॉल करें या इंदौर पुलिस द्वारा संचालित साइबर हेल्पलाइन नंबर 7049124445 पर शिकायत करें।

### चिटफंड कंपनी केस दर्ज

# रुपए बंटोरकर फरार हो गए कर्ताधर्ता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विजयनगर इलाके में लोगों को लाभ देने का झांसा देकर चिटफंड कंपनी के कर्ताधर्ताओं ने हजारों रूपए बटोरे और आफिस में ताले डालकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना विजयनगर पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने मेट्रो टावर में आफिस खोला था। फरियादी देव कुमार पिता अरविंद कुमार राय (48) निवासी अवंतिका नगर एरोड्रम की शिकायत पर चिटफंड कंपनी जीएनटी (इंडिया) लि शाप नंबर 10-12 सेंकड लोर मेट्रो टावर (मंगल सिटी माल के पास) के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मुझे उक्त चिटफंड कंपनी के डायरेक्टर्स ने बताया था कि उनकी कंपनी में 5800 रूपए प्रति छह माह में लगातार दस बार में कुल 58 हजार रूपए देने पर कंपनी मुझे 8& हजार रूपए वापस देगी। मैंने नकद विभिन्न किश्तों में 58 हजार रूपए उक्त आफिस में जमा कर दिए थे। तब मुझे कंपनी ने उपरोक्त भुगतान की रसीदें भी दी थी। कंपनी के डायरेक्टर्स मुझसे 58 हजार रूपए लिए वहीं अन्य कई लोगों से भी धनराशि ली है। इसके बाद साल 2014 में कंपनी के कर्ताधर्ता अचानक भाग चुके हैं।

## सास को लोहे के सरिये से मारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। घरेलू विवाद में बहू ने अपनी सास पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बहू ने लोहे के सरिये से मारा इससे मन नहीं भरा तो सास को जगह-जगह काट भी दिया। राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार राधाबाई प्रजापत निवासी राजेंद्र नगर नाका की शिकायत पर उसकी बहू गौरी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। राधाबाई ने पुलिस को बताया कि वह घर के बाहर रात के समय काम कर रही थी, बहू अंदर थी। इस दौरान दोनों के बीच घरेलू बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद ऐसा बढा कि उसकी बहू गौरी हाथ में लोहे का सरिया लेकर बाहर निकली और उस पर हमला कर दिया। राधाबाई जैसे-तैसे बचकर वहां से भागी तो गौरी ने उसका पीछा किया और उसे पकड लिया। इसके बाद उसके अंगूठे, हाथ, गाल और सीने पर काटा भी। घायल हालत में बुजुर्ग महिला थाने पहुंची और अपनी आपबीती बताई जिसके बाद पुलिस ने आरोपी बहू के खिलाफ केस दर्ज किया।

## रिक्शा चालक का मोबाइल ले भागा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पंढरीनाथ इलाके में रिक्शा सुधार रहे चालक का मोबाइल कोई बदमाश चुरा ले गया। पुलिस के मुताबिक चोरी की वारदात कलेक्टर कार्यालय के पीछे पानी की टंकी के पास हुई। फरियादी महेश गौड़ निवासी वृंदावन कालोनी ने बताया कि मेरे आटो रिक्शा का क्लच वायर टूट जाने से मैं उसे सुधारने लगा। रिक्शा में मैंने मोबाइल फोन रख दिया था। रिक्शा का क्लच वायर ठीक करने के बाद देखा कि मोबाइल गायब था।

# बच्चों को चुराकर अहमदाबाद में बेचने का था प्लान

## चोर गिरोह के 8 सदस्य गिरफ्तार नर्स ने मंगाए थे बच्चे, निसंतान दंपति को बेचने वाली थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, (एजेसी)। पुलिस ने जावरा स्थित हुसैन टेकरी परिसर के मेला मैदान से अपहृत किए गए आठ वर्षीय बालक व उसकी एक वर्षीय बहन को अपहरणकर्ताओं से मुक्त कराया है। दोनों भाई-बहन को बच्चा चोर गिरोह का मास्टर माइंड अहमदाबाद ले जाकर एक नर्स को बेचने वाला था। मामले में गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक नाबालिग लड़का भी शामिल है।**

एसपी अमित कुमार ने पत्रकारवार्ता में बच्चा चोर गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि हुसैन टेकरी मेला मैदान में झोपड़ी बनाकर रहने वाली महिला के दोनों बच्चों को पांच दिन पहले अज्ञात व्यक्ति अपहरण कर ले गए थे। महिला ने 30 नवंबर 2024 को औद्योगिक क्षेत्र थाना जावरा में रिपोर्ट की थी कि उनकी एक वर्षीय पुत्री तथा आठ वर्षीय पुत्र का कोई अपहरण कर ले गया है।

### राजगढ़ में पकड़े गए किडनैपर

बीएनएस की धारा 137(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपितों को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई थी। टीम को सीसीटीवी फुटेज में कुछ संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए, इनके साथ एक नाबालिग लड़का भी था। आरोपित बच्चों को ब्यावरा (राजगढ़) ले गए है। दल वहां पहुंचा तथा चारों को हिरासत में लेकर दोनों बच्चों को बरामद किया।

इनकी पहचान 40 वर्षीय बबली, 24 वर्षीय नासरा बी व 50 वर्षीय मोहम्मद हनीफ के रुप में हुई। ये सभी झालावाड़ (राजस्थान) के रहने वाले हैं।

### अस्सी हजार रुपये का सौदा कर कराया था अपहरण-

पूछताछ में आरोपित बबली व उसके साथियों ने बताया कि मुख्य आरोपित 40 वर्षीय राशिद निवासी झालरा पाटन (राजस्थान) व उसकी पत्नी जुलेखा ने हुसैन टेकरी क्षेत्र से लाकर देने के लिए कहा था। राशिद ने कहा था कि बच्चे लाने पर वह उन्हें अस्सी हजार रुपये देगा। उनके कहने पर वे कुछ दिन हुसैन टेकरी क्षेत्र आकर रहे। घटना वाले दिन दोनों बच्चे एक स्थान पर खड़े थे। उन्हें बिस्किट देने के लालच देकर बुलाया और साथ ले गए थे।

### नर्स ने मंगाए थे बच्चे

राशिद व जुलेखा का नाम सामने आने पर उनकी खोजबीन की गई तो पता चला कि वे देवास में है। इसके बाद देवास से दोनों को हिरासत में लेकर जावरा लाया गया। पूछताछ में राशिद व जुलेखा ने बताया कि मेहसाणा (गुजरात) में स्थित एक क्लिनिक पर काम करने वाली नर्स मेहजबीन बी ने एक निसंतान दंपति को देने के लिए बच्चे लाकर देने का लिए कहा था।

40 वर्षीय नर्स मेहसाणा गुजरात की पहने वाली है। दोनों बच्चों को ले जाकर वे नर्स मेहजबीन को बेचने वाले थे।इसके बाद नर्स मेहजबीन को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपितों बच्चों के अपहरण के अन्य मामलों में भी पूछताछ की जा रही है।

# बेकाबू कार निमार्णाधीन मकान में घुसी

### छत डालने की रेलिंग,शेड सहित तीन दुपहियां वाहन हुए क्षतिग्रस्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन,निप्र।गत रात्रि में बेकाबू कार सिंधी कॉलोनी चोराहे पर निमार्णाधीन मकान में जा घुसी। कार की टक्कर से वहां खड़े 3 दुपहिया वाहन सहित मकान का सामान क्षति ग्रस्त हुआ है। बताया जा रहा है कि कार तीन बत्ती से इंदौर रोड की तरफ जा रही थी। हादसे के बाद ड्राइवर कार मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गया।**

बुध-गुरू की दरम्यानि रात्रि में सिंधी कॉलोनी चोराहे पर नारायणपुरा में कार क्र.एमपी-13 जेडए 9753 तीन बत्ती से इंदौर की तरफ जा रही थी। इस दौरान कार अचानक हरदयाल गोठवाल के निमार्णाधीन मकान 43 नारायणपुरा में जा घुसी। टक्कर से मकान को काफी नुकसान पहुंचा। छत डालने के लिए लगी रेलिंग और लोहे का शेड भी टूट गया। हरदयाल ने बताया कि देर रात को हुई घटना में करीब 4 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। श्री गोठवाल ने आरोप लगाया कि कार चालाक नशे में था। पुलिस ने कार में से 10 से अधिक गांजे की पुड़ियाँ,सिगरेट,पानी की बोतल और एक चेक बरामद किया है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ड्राइवर की तलाश की जा रही है। श्री गोठवाल ने बताया कि रात को परिवार के साथ घर में सो रहा था। क्षतिग्रस्त कार से दो युवक बाहर निकले और भाग गए। आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाली पूनम गोठवाल भी घर से बाहर आ गई और माधव नगर थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस यहां पहुंची और कार की तलाशी ली।

### पुलिसकर्मी का बेटा था कार में

जिन लोगों की दुकानों में नुकसान हुआ उनका कहना था कि दुर्घटना के बाद कार में बैठे दोनों युवक भाग गए। कुछ देर बाद माधवनगर पुलिस घटना स्थल पर पहुँची इसी दौरान देवेंद्र शर्मा नामक व्यक्ति भी आया। उसने स्वयं को कार में बैठे युवक का पिता बताया और कहा कि मैं खुद पुलिस विभाग से हूं। आप लोगों के नुकसान की भरपाई कर देंगे।

# 40 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ाया पटवारी

### 50 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, (एजेसी)। लोकायुक्त पुलिस उज्जैन के दल ने रतलाम जिले के नामली थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचेड़ स्थित पंचायत भवन में किसान से चालीस हजार रुपये की रिश्वत लेते पटवारी आरोपित रमेशचंद्र बैरागी को रंगेहाथ पकड़ लिया। उससे रिश्वत की राशि जब्त कर उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवासी अधिनियम की धारा 7 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।**

कागजी कार्रवाई के बाद पटवारी को नोटिस देकर छोड़ा गया। जानकारी के अनुसार फरियादी गोपाल उपाध्याय पुत्र बालमुकुंद उपाध्याय निवासी ग्राम पंचेड़ ने शिकायत की थी कि जमीन के सीमांकन के बाद पटवारी रमेशचंद्र बैरागी सीमांकन रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत नहीं कर रहा है।

### सीमांकन रिपोर्ट के लिए मांगे रुपये

पटवारी ने सीमांकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए पचास हजार रुपये की रिश्वत की मांग की है। बातचीत में पटवारी रमेशचंद्र बैरागी ने चालीस हजार रुपये अभी देने तथा दस हजार रुपये बाद में देने के लिए कहा था।

शिकायत मिलने पर लोकायुक्त ने पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ने योजना बनाई। योजना के तहत डीएसपी सुनील तालान एवं राजेश पाठक के नेतृत्व में लोकायुक्त का दस सदस्यीय दल गुरुवार सुबह करीब 11.30 बजे ग्राम पंचेड़ पहुंचा तथा पंचायत भवन के सामने व आसपास दल के सदस्य छिपकर खड़े हो गए।

फरियादी गोपाल उपाध्याय ने भवन परिसर के अंदर कार्यालय में जाकर पटवारी रमेशचंद्र बैरागी को चालीस हजार रुपये दिए। इसके बाद बाहर आकर इशारा किया। इशारा मिलते ही दल के सदस्य कार्यालय में पहुंचे तथा पटवारी को पकड़कर उसके कब्जे से रिश्वत के चालीस हजार रुपये जब्त किए।

### पेंट की जेब में रखे थे रुपये

पटवारी रमेशचंद्र बैरागी ने रिश्वत के रुपये लेकर अपनी पेंट की जेब में रख लिए थे। लोकायुक्त सदस्यों ने उसकी पेंट की जेब से रुपये निकालकर जब्त किए तथा पंचानाम बनाकर अन्य कार्रवाई की। दल में प्रधान आरक्षक हितेश लालावत, आरक्षक संदीप कदम, श्याम शर्मा, इसरार खान, कमल पटेल आदि शामिल थे। डीएसपी सुनील तालाने बताया कि आरोपित पटवारी रमेशचंद्र बैरागी के खिलाफ प्रकरण दर्ज विवेचना की जा रही है।

# चलती ट्रेन में चढ़ते युवक की टीचर ने बचाई जान

**छिंदवाड़ा ,(एजेंसी)। छिंदवाड़ा से ट्रेन में लटके युवक की जान बचाने का वीडियो सामने आया है। जानकारी के मुताबिक वीडियो जुन्नारदेव के हिरदागढ़ रेलवे स्टेशन का बताया जा रहा है। एक व्यक्ति चलती ट्रेन को पकड़ने लटका हुआ था। स्टेशन में खड़े दूसरे व्यक्ति ने उसकी जान बचाई।**

छिंदवाड़ा से नागपुर की ओर जाने वाली शहडोल एक्सप्रेस हिरदागढ़ रेलवे स्टेशन पर रुकी हुई थी। युवक नाश्ता लेने उतरा तभी ट्रेन अचानक स्टेशन से आगे निकलने लगी। युवक ट्रेन पकड़ने के लिए ट्रेन में लटक गया। अचानक पैर स्लिप होने की वजह से चलती ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच जाने लगा तभी वहां मौजूद एक शिक्षक ने बिना देरी किए अपनी जान की परवाह न करते हुए युवक की जान बचाई।

जानकारी के अनुसार छिंदवाड़ा से नागपुर की ओर जा रहा युवक अपने परिवार के साथ ट्रेन मैं सफर कर रहा था, जब हिरदागढ़ में रुकी तो नाश्ता लेने गया तो वहीं ट्रेन चलने लगी। युवक चलती ट्रेन में चढ़ने लगा पैर स्लिप होने से युवक लगभग प्लेटफार्म पर 100 मीटर की दूरी तक घिसटता रहा। अभी वह सुरक्षित है। स्टेशन में खड़े यात्रियों और मौजूद लोगों ने जान बचाने वाले टीचर की सराहना की। हालांकि इस घटना की पुलिस के पास जानकारी नहीं है।

# मुझे कार चाहिए... दुल्हन का परिवार नहीं दे पाया तो बरात वापस ले गया दूल्हा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास, (एजेसी)। देवास जिले के उदयनगर थाना क्षेत्र के दूरस्थ अंचल पीपरी में इंदौर से बरात आई। खुशी, उत्साह के बीच विवाह की अधिकांश रस्में पूरी हुई, इसके बाद दूल्हे ने एक रस्म के दौरान अचानक कार की मांग कर दी।**

दुल्हन पक्ष वालों ने मांग पूरी कर पाने में असमर्थता जताई तो दूल्हे ने उस दौरान मिले नेग के रुपये फेंक दिए। बाद में बरात दुल्हन को लिए बिना ही रवाना हो गई। उधर दुल्हन पक्ष के लोग मामले की शिकायत करने उदयनगर थाने पहुंचे। शिकायत के बाद दूल्हे के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### दूल्हा बोला- इस रस्म के बदले कुछ लगता है

जानकारी के अनुसार ग्राम पीपरी निवासी हेमराज सेन के परिवार में बरात बुधवार को इंदौर से आई थी। दुल्हन पक्ष के लोगों ने बताया विवाह की अधिकांश रस्में पूरी हो गई थी, बत्ती मिलाई के दौरान जब दुल्हन पक्ष वालों ने बत्ती मिलाने के बारे में दूल्हे जयेश श्रीवास निवासी बड़ा शिवबाग कॉलोनी इंदौर को बताया तो उसने कहा इसके बदले कुछ लगता है फिर अचानक कार की मांग कर दी।

### दुल्हन पक्ष के लोग उदयनगर थाने पहुंचे

इसको लेकर पहले बातचीत व समझाइश का दौर चलता रहा, लेकिन बात नहीं बनी और दूल्हा पक्ष दुल्हन की विदाई कराए बिना ही रवाना हो गया। उधर गुरुवार सुबह दुल्हन पक्ष के लोग उदयनगर पुलिस थाने पहुंचे और पूरे मामले की शिकायत की। दुल्हन के स्वजनों, रिश्तेदारों ने बेटी को न्याय दिलाने की मांग की। थाना टीआई बीडी बीरा ने बताया दहेज की मांग संबंधी शिकायत लेकर गुरुवार को ग्रामीण आए हैं, मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### कई घंटे हुए समझाइश के प्रयास, 51 हजार रुपये फेंक दिए

दुल्हन पक्ष के लोगों ने बताया कई घंटे तक समझाइश के प्रयास किए गए। गांव, समाज के वरिष्ठों ने भी मान मनौव्वल की लेकिन वो नहीं माने। हमने 51 हजार रुपये उनको पकड़ाए लेकिन वो भी फेंक दिए गए। हम चाहते हैं कि ऐसे दहेज लोभियों का समाज से बहिष्कार होना चाहिए। इनको किसी परिवार की मान-मर्यादा से खिलवाड़ करने का कोई अधिकार नहीं है।

### दुल्हन की शिकायत पर दूल्हे सहित 8 नामजद व अन्य पर केस दर्ज

दुल्हन खुशबू सेन निवासी पीपरी की शिकायत पर पुलिस ने दूल्हे जयेश श्रीवास, उसके पिता राकेश श्रीवास, रिश्तेदार खुशबू, जितेंद्र, दिनेश श्रीवास, दिलीप श्रीवास, कमल श्रीवास, पिंकीबाई सहित अन्य लोगों के खिलाफ दहेज मांगने सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

## संपादकीय

# मोबाइल बन रहा जी का जंजाल

साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं के बीच मोबाइल फोन का उपयोग करने वालों के लिए जोखिम लगातार बढ़ रहा है। एक ओर लोगों के डेटा निरंतर चुराने की खबरें आती हैं, वहीं अब मोबाइल में बेतहाशा सेंधमारी होने लगी है। इसका अर्थ है कि लोगों की निजता खतरे में है। बैंकिंग लेन-देन से लेकर उनकी तमाम गतिविधियों पर नजर है। मोबाइल उपयोगकर्ता की सभी जानकारियां पलक झपकते सेंधमारों तक पहुंच जाती है। इसके बाद क्या होता है, यह किसी से छिपा नहीं है। फिलहाल तो इस खबर ने चिंता बढ़ा दी है कि हमारे यहां मोबाइल फोन में सर्वाधिक सेंधमारी हो रही है। 'जेडस्केलर थ्रेटलैब्ज 2024 मोबाइल, आइओटी एंड ओटी थ्रेट रपट' को गंभीरता से लेने की जरुरत है। इसके मुताबिक, दुनिया भर में हुई सेंधमारी के क्रम में भारत में सबसे अधिक अट्ठाईस फीसद हमले हुए। मोबाइल उपयोग करने वालों के लिए यह खतरे की घंटी है, तो दूरसंचार कंपनियों और मोबाइल निर्माताओं के लिए चेतावनी भी। उन्हें बढ़ते साइबर खतरों के बीच अब सुरक्षा उपाय के लिए नए कदम उठाने होंगे। अंतरजाल की दुनिया में आंख मूंद कर किसी पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जरा-सी लापरवाही मुसीबत में डाल देती है। इसे गंभीरता से लेने की जरुरत इसलिए भी है, क्योंकि आज के दौर में सभी गतिविधियां मोबाइल, लैपटाप अथवा कंप्यूटर में केंद्रित हो गई है। लोग अपने से संबंधित कई संवेदनशील जानकारियां मोबाइल में रखते हैं। एक रपट के अनुसार, वास्तविक बैंकिंग वेबसाइट की हूबहू नकल वाली वेबसाइट तैयार कर ग्राहकों को भ्रमित किया जाता है। किसी अनजान लिंक पर पहुंचते ही साजिशों की घेराबंदी शुरु हो जाती है। मोबाइल 'स्पाइवेयर' से भी सतर्क रहने की जरुरत है, क्योंकि यह उपभोक्ताओं की निजी जानकारियां गुप्त तरीके से चुरा लेता है। सबसे बड़ा खतरा वित्तीय धोखाधड़ी का है। आज जब पूरी बैंकिंग मोबाइल में सिमट गई है, तो ऐसे में यह सेंधमारी किसी को कभी भी संकट में डाल सकती है। कई बार लोग कुछ ऐप डाउनलोड कर लेते हैं। ताजा रपट में आगाह किया गया है कि कोई दो सौ से अधिक ऐप सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक हैं। ऐसे में लोगों की सजगता ही सुरक्षा की दीवार साबित हो सकती है, मगर सरकार को भी एक ठोस तंत्र बनाने की जरुरत है।

## OSHO कहिन

**"स्वयं को खोजो, क्योंकि यही तुम्हारा असली खजाना है।"**



## महिला जगत

# देश की इन 5 बेटियों की कामयाबी का विश्व में बजा डंका, इस वर्ष रचा इतिहास

वर्ष 2024 भारत के लिए गौरवपूर्ण साल रहा। इस साल भारत ने टी-20 क्रिकेट विश्व कप भी मिला और दूसरी तरफ ओलंपिक गेम्स में देश के नौजवानों ने मेडल जीते। इस वर्ष देश की बेटियों ने वैश्विक स्तर पर देश का नाम रोशन किया। अपनी उपलब्धियों से न केवल सुर्खियों में रहीं बल्कि दुनिया भर में अपना नाम कमाया। आइए जानते हैं साल 2024 में देश का नाम रोशन करने वाली और इतिहास रचने वाली भारतीय बेटियों के बारे में,जिन्होंने अपनी उपलब्धि से दुनिया में कामयाबी हासिल की।







### मनु भाकर

इस साल हुए पेरिस ओलिंपिक गेम्स 2024 में भारत के बेटे-बेटियों ने खूब मेडल झटके। ओलंपिक में एक ही एडिशन में दो मेडल जीतकर इतिहास रचने का श्रेय मनु भाकर को जाता है। मनु भाकर ने 22 वर्ष की आयु में 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता। 25 मीटर एयर पिस्टल गेम में मनु भाकर ने साथी सरबजोत सिंह के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता था। इस ऐतिहासिक जीत के साथ मनु भाकर ने देश का नाम रोशन किया।

### अवनी लेखरा

भारतीय राइफल शूटर अवनी लेखरा ने पैरालंपिक गेम्स 2024 में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा। अवनी ने 10 मीटर एयर पिस्टल में दो मेडल जीते। अवनी ने एक ब्रॉन्ज मेडल भी अपने नाम किया । अवनी पहली पैरालंपिक महिला खिलाड़ी हैं जिन्होंने एक ही इवेंट में दो मेडल जीते।

### नैंसी त्यागी

उत्तर प्रदेश के बागपत-बड़ौत जिले की रहने वाली नैंसी त्यागी फैशन इन्फ्लूएंसर हैं। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में नैंसी ने डेब्यू किया और दुनियाभर में अपने डिजाइन की गई आउटफिट से तहलका मचा दिया। वह रेड कार्पेट पर अपने हाथ की बनाई ड्रेस पहनकर तारीफ बटोरी। इस वर्ष उनका नाम फोर्ब्स इंडिया टॉप 100 डिजिटल स्टार्स 2024 की लिस्ट में भी आया। नैंसी को कई सेलेब्स ने भी अपनी ड्रेस डिजाइन करने का मौका दिया।

### मोहना सिंह

एयरफोर्स के तेजस लड़ाकू विमान को उड़ाने वाली पहली महिला पायलट बनकर स्क्वाड्रन लीडर मोहना सिंह ने इतिहास रच दिया। मोहना सिंह को गुजरात के नलिया में नंबर 18 फ्लाइंग बुलेट्स स्क्वाड्रन का जिम्मा सौंपा गया। मोहना सिंह जोधपुर में तरंग शक्ति अभ्यास का हिस्सा रहीं, जहां तीनों सेनाओं के तीन उप प्रमुखों के साथ ऐतिहासिक उड़ान का अनुभव लिया।

### साधना सक्सेना

2024 में चिकित्सा सेवा महानिदेशक के पद पर पहली महिला की नियुक्ति हुई। लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर पहली महिला चिकित्सा सेवा महानिदेशक बनीं। जनरल अस्पताल सेवा (सशस्त्र बल) के डायरेक्टर के रूप में सेवा देने वाली पहली महिला रहीं और वेस्टर्न एयर कमांड प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर बनने वाली भी पहली महिला रहीं। साधना सक्सेना को राष्ट्रपति द्वारा विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है।

New Delhi

# पिता दलित, मां की दूसरी जाति; क्या बच्चों को मिलेगा SC आरक्षण का लाभ? सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के आर्टिकल 142 के तहत अपने विशेषाधिकार का उपयोग करते हुए गुरुवार को एक बड़ा फैसला सुनाया। देश की सर्वोच्च अदालत ने दलित पुरुष और गैर-दलित महिला की शादी को निरस्त कर दिया। साथ ही कोर्ट ने आदेश दिया कि पति अपने नाबालिग बच्चों के लिए अनुसूचित जाति (एससी) प्रमाणपत्र प्राप्त करें जो पिछले छह वर्षों से अपनी मां के साथ रह रहे हैं।

जस्टिस सूर्यकांत और उज्जल भुइयां की पीठ ने जूही पोरिया (पूर्व में जावलकर) और प्रदीप पोरिया को तलाक देते हुए कहा कि गैर-दलित महिला शादी के जरिए अनुसूचित जाति में शामिल नहीं हो सकती है। हालांकि



दलित पुरुष से जन्मे उनके बच्चों को अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त होगा। कोर्ट ने 2018 के एक फैसले को दोहराते हुए कहा, 'जन्म के आधार पर जाति तय होती है और विवाह से जाति नहीं बदल सकती। केवल इस तथ्य के कारण कि महिला के पति अनुसूचित जाति समुदाय से हैं, उन्हें अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र नहीं दिया जा सकता है।'मामले में दोनों के 11 वर्षीय बेटे और छह साल की बेटी के लिए एससी जाति का प्रमाण पत्र प्राप्त करने का अधिकार दिया गया है। आपको बता दें कि दोनों 6 वर्षों से गैर-दलित मां के साथ रायपुर में अपने नाना-नानी के घर पर जीवन व्यतीत किया है। कोर्ट ने कहा कि मां-बाप के तलाक के बाद भी बच्चों को अनुसूचित जाति के तहत सरकारी शिक्षा और रोजगार के लाभ प्राप्त करने का अधिकार होगा।

Uttarpradesh

## बारात जाने से पहले दुल्हन के घर पहुंची दूल्हे की भाभी, कहा- वो मेरा है, उसे मुझसे कोई नहीं छीन सकता

**महराजगंज, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले से एक चौंका देने वाला मामला सामने आया है. यहां बारात आने से पहले दूल्हे की भाभी दुल्हन के घर पुलिस लेकर पहुंच गई. लड़की के दरवाजे पर दूल्हे की भाभी कहने लगी, वो मेरा है. उसे मैं किसी और का नहीं होने दूंगी. यह सुनते ही दुल्हन पक्ष के लोग सन्न रह गए. इस पूरे मामले के बाद फिलहाल शादी रोक दी गई है.**

जानकारी के अनुसार, जिले के नौतनवा कस्बे में गोरखपुर के शाहपुर से बारात आनी थी. शादी की तैयारियां हो चुकी थीं. लड़के पक्ष का स्वागत करने के लिए लड़की पक्ष तैयार था. घर में शादी का माहौल था. सारे रिश्तेदार इकट्ठा हो गए थे. उसी दौरान बारात से पहले दूल्हे की भाभी पुलिस के साथ वहां पहुंच गई और शादी वाले घर में माहौल गंभीर हो गया.

दरअसल, यह मामला गोरखपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र का है. यहां रहने वाले युवक की शादी महराजगंज के नौतनवा थाना क्षेत्र में तय हुई थी. दूल्हा और दुल्हन की तरफ से शादी की तैयारियां हो चुकी थीं. चार दिसंबर को गोरखपुर के शाहपुर से बारात आनी थी, लेकिन बारात आने से पहले दूल्हे की भाभी अपने साथ शाहपुर थाने की पुलिस लेकर नौतनवा दुल्हन के घर पहुंच गई.

दूल्हे की भाभी ने कहा कि वो मेरा पति है, उससे शादी करने का विचार छोड़ दो, नहीं तो अंजाम ठीक नहीं होगा. दूल्हे की भाभी की बात सुनकर दुल्हन पक्ष के लोग हैरान रह गए. इस पूरे मामले के बाद फिलहाल शादी को रोक दिया गया है. वहीं दुल्हन पक्ष की शादी की पूरी तैयारियां धरी रह गईं. शादी को लेकर जो खुशी का माहौल था, वह गंभीर हो गया. फिलहाल दूल्हे की भाभी ने नौतनवा थाने में लिखित शिकायत दे रखी है.

Uttarakhand

## उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में हैवान बने बेटे, पिता का मर्डर कर फूंक दी लाश

**रुद्रप्रयाग, (एजेंसी)** उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जिले के गुप्तकाशी में दो बेटों ने कथित तौर पर अपने पिता की हत्या कर कर लाश भी जला दी। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर दोनों बेटों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि गुप्तकाशी के पास त्रिवेणी घाट पर ग्राम बेडुला निवासी बलवीर सिंह राणा का चाय का खोखा था। वह अपने छोटे बेटे के साथ नदी से रेत भी निकालता था। तीन दिन पहले महाराष्ट्र से घर आए दूसरे बेटे के साथ किसी बात को लेकर बलवीर की तकरार हो गई। गुरुवार को ग्राम प्रहरी ने सूचना दी कि त्रिवेणी घाट में दो बेटों ने अपने पिता की हत्या कर दी है और बचने के लिए शव जला रहे हैं। पुलिस जब तक मौके पर पहुंची, शव जल चुका था। एसआई कुलदीप पंत ने बताया कि जहां हत्या हुई वहां से खून और मिट्टी के सैंपल लिए गए हैं। जहां शव जलाया गया, वहां से हड्डियां और राख भी एकत्र की गई। सीओ रुद्रप्रयाग प्रबोध घिल्डियाल ने बताया कि घटना बुधवार रात की है। आरोपी बेटों 30 वर्षीय अमित राणा और 22 वर्षीय मनीष राणा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है।

Uttarpradesh

## हाईवे पर ट्रक और बोलेरो की भीषण टक्कर, छह की मौत और पांच घायल, CM योगी ने जताया शोक

**कानपुर, (एजेंसी)** चित्रकूट जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र में हाईवे पर ट्रक और बोलेरो की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र में सुबह लगभग साढ़े पांच बजे रायपुरा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक और प्रयागराज से आ रही बोलेरो की टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। मौके पर ही छह लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे में नन्हे (65), हरिराम (45), मोहन (45), रामू (45), मांगना (65) और रामस्वरूप यादव की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, छतरपुर निवासी जमुना (42) पुत्र कामता, फुला (40) पत्नी जमुना, राज अहिरवार (18) पुत्र जमुना, आकाश (15) पुत्र जमुना और एक अज्ञात घायल हो गए। घायलों को प्रयागराज रेफर किया गया है। हादसे की सूचना पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा और पुलिस अधीक्षक अरुण सिंह तत्काल मौके पर पहुंचे। इसके बाद घायलों से मिलने जिला अस्पताल भी गए। एसपी अरुण सिंह ने बताया कि ट्रक और बोलेरा की टक्कर में छह की मौत हो गई है। पांच घायल जिला अस्पताल में भर्ती हैं, जिन्हें प्रयागराज रेफर किया गया है।

पांच घायल जिला अस्पताल में भर्ती हैं, जिन्हें प्रयागराज रेफर किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि बोलेरो प्रयागराज से आ रही थी, जबकि ट्रक रायपुरा से आ रहा था।

खेल

# बड़ौदा ने टी20 में सर्वोच्च स्कोर का बनाया विश्व रिकॉर्ड सिक्किम के खिलाफ बनाए 349 रन, भानू ने जड़ा शतक

**इंदौर।** बड़ौदा ने गुरुवार को सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी में इतिहास रचते हुए टी20 प्रारूप का सर्वोच्च स्कोर बनाया। बड़ौदा ने सिक्किम के खिलाफ इंदौर में खेले गए मैच में भानू पानिया के नाबाद शतक की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 349 रन बनाए जो खेल के सबसे छोटे प्रारूप का सर्वोच्च टोटल है। बड़ौदा ने जिम्बाब्वे के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा जिसने इसी साल गाम्बिया के खिलाफ चार विकेट पर 344 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए सिक्किम निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 86 रन ही बना सकी और उसे 263 रनों से बड़ी हार का सामना करना पड़ा।



टी20 प्रारुप में सर्वोच्च टोटल

| टीम | बनाम | स्कोर | वर्ष |
|---|---|---|---|
| बड़ौदा | सिक्किम | 349/5 | 2024 |
| जिम्बाब्वे | गाम्बिया | 344/4 | 2024 |
| नेपाल | मंगोलिया | 314/3 | 2023 |
| भारत | बांग्लादेश | 297/6 | 2024 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | आरसीबी | 287/3 | 2024 |

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 300 से ज्यादा रन बनाने वाली पहली टीम बनी। बड़ौदा ने इस मुकाबले के लिए अनुभवी ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को आराम देने का फैसला किया था।

### भानू की शानदार पारी

बड़ौदा के कप्तान क्रुणाल पांड्या ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और शाश्वत रावत (43) तथा अभिमन्यू सिंह (53) ने पहले विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। इसके बाद भानू पानिया ने तूफानी बल्लेबाजी की और 51 गेंदों पर पांच चौकों और 15 छक्कों के दम पर नाबाद 134 रन बनाए। भानू की इस दमदार पारी के दम पर बड़ौदा ने टी20 प्रारूप में सबसे ज्यादा रन खड़ा करने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। बड़ौदा

### पारी में लगाए सर्वाधिक छक्के

बड़ौदा ने इस मैच में रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। उसने सिर्फ टी20 में सबसे ज्यादा टोटल खड़ा करने का रिकॉर्ड ही नहीं बनाया, बल्कि एक पारी में सर्वाधिक छक्के भी लगाए। बड़ौदा ने सिक्किम के खिलाफ पारी में 37 छक्के लगाए जिसमें से अकेले भानू ने 15 छक्के जड़े। बड़ौदा के लिए कम से कम 10 रन बनाने वाले जितने भी बल्लेबाज थे उनका स्ट्राइक रेट 200 से ज्यादा का रहा। बड़ौदा के लिए शिवालिक शर्मा ने 17 गेंदों पर 55 रन और विष्णु सोलांकी ने 16 गेंदों पर 50 रन बनाए।

### रोशन कुमार का महंगा स्पैल

सिक्किम के मध्यम गति के तेज गेंदबाज रोशन कुमार ने चार ओवर में 81 रन लुटाए। उन्होंने टी20 मैच में भारत के लिए सबसे महंगा स्पैल डालने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। रोश ने मोहित शर्मा को पीछे छोड़ा जिन्होंने इस साल आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेलते हुए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चार ओवर में 73 रन लुटाए थे।

सिनेमा

## 'पुष्पा 2' को मिली हिंदी में सबसे बड़ी ओपनिंग, अल्लू अर्जुन ने तोड़ा शाहरुख का रिकॉर्ड




तेलुगू इंडस्ट्री से आने वाले अल्लू अर्जुन, उत्तर भारत की हिंदी भाषी जनता में भी हमेशा से पॉपुलर थे. हिंदी डब फिल्मों से ऑडियंस में नाम कमाने वाले अर्जुन ने, हिंदी बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा 2021 में आई 'पुष्पा 1: द राइज' से दिखाया था. अब इसके सीक्वल 'पुष्पा 2: द रूल' से अर्जुन ने हिंदी ऑडियंस में अपनी पावर साबित कर दी है. उनकी फिल्म 'पुष्पा 2' को हिंदी में उन सभी सुपरस्टार्स से बड़ी ओपनिंग मिली है, जो हिंदी फिल्म इंडस्ट्री यानी बॉलीवुड के सबसे बड़े स्टार कहे जाते हैं. अल्लू अर्जुन की फिल्म को हिंदी में जैसी एडवांस बुकिंग मिली थी उसी से दिखने लगा था कि ये हिंदी फिल्मों के टॉप ओपनिंग रिकॉर्ड्स को तगड़ा चैलेंज देने वाली है. मगर इस मास एंटरटेनर को हिंदी ऑडियंस से जो प्यार मिला है, उसने 'पुष्पा 2' को ऐतिहासिक फिल्म बना दिया है. गुरूवार को थिएटर्स में फिल्म रिलीज हुई और बिहार, गुजरात, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश जैसे पक्के हिंदी फिल्म मार्केट्स में फिल्म के शोज में ऐसी भीड़ रही जो बहुत सारे बॉलीवुड स्टार्स भी नहीं जुटा पाए हैं. ट्रेड रिपोर्ट्स के शुरूआती अनुमान कहते हैं कि 'पुष्पा 2' के हिंदी वर्जन ने पहले दिन 66 करोड़ से 68 करोड़ तक की रेंज में कलेक्शन किया है.

## Highlights

1. People vomit after mysterious substance sprayed at 'Pushpa 2' screening in Mumbai
2. Delhi schools to resume physical classes as air quality improves
3. MSP not given legal guarantee: Congress on farmers' protest
4. People don't fear or respect law: Nitin Gadkari on road accidents
5. RBI keeps repo rate unchanged at 6.50% for 11th time in a row
6. Lift crashes at hospital, woman being shifted to room after childbirth dies in UP

# RBI MPC meeting: How stock market will react if governor Shaktikanta Das cuts repo rate




**NEW DEIHI, (Agency).** India's stock market is keenly awaiting the Reserve Bank of India's (RBI) bi-monthly monetary policy announcement on Friday, December 6, 2024.

This comes at a time when the market is hoping for a liquidity boost, though a large number of economists expect the RBI to keep the repo rate unchanged at 6.5%, especially at a time when inflation is persistently high, according to a Moneycontrol report.

However, signs of a slowing economy are also part of the picture, with India's GDP growth slowing to 5.4% for the July-September quarter. According to the report, this may result in a repo rate or cash reserve ratio (CRR) cut.

"The Indian economy is in a cyclical slowdown," Nomura economist Aurodeep Nandi said in an interaction with CNBC TV18. "Lower credit growth will impact domestic demand, and government spending needs to ramp up to meet targets."

A CRR cut, even without a repo rate cut can provide the liquidity boost which the markets are seeking, the report quoted Kranthi Bathini, director of equity strategy at WealthMills Securities as saying.

Markets are anticipating liquidity measures, the report quoted Ajit Mishra, SVP-Research at Religare Broking as saying. However, he also warned that a "knee-jerk reaction, especially in banking stocks can happen if a rate cut doesn't happen.

This comes when the stock market surged on Thursday, December 5, 2024 due to global optimism and strong foreign institutional investor (FII) inflows worth ₹8,540 crore.

The benchmark BSE Sensex jumped over 800 points to close at 81,765, while the NSE Nifty gained more than 240 points to close over 24,700.

# Rupee expected to open higher amid Dollar decline and RBI policy review

**NEW DEIHI, (Agency).** The Indian rupee is likely to open higher on Friday on the back of a decline in the dollar index, after which its direction will be dictated by the central bank's monetary policy review.

The 1-month non-deliverable forward indicated that the rupee will open at 84.68-84.70 to the U.S. dollar, compared with 84.7325 in the previous session.



The rupee's downtrend has halted over the last two sessions after the currency dropped to an all-time low of 84.7575 on Tuesday. The pause in foreign equity outflows leading up to the policy decision has helped the local currency to some degree.

The Reserve Bank of India's policy statement is due at 10:00 a.m. IST. A majority of economists expect the central bank to make no changes to the policy rate amid high inflation and rupee weakness. "After a long time, we have a policy that will actually matter (for the rupee)," a currency trader at a bank said.

सर्वजनहिताय के लिए हमारे शुभसंकल्पित उद्देश्य

# 'सतर्क रहे - सजग रहे अभियान'

को जन-गण-मन तक प्रसारित और पल्लवित
करने में अपना योगदान दीजिये ।

हम विवाद के लिए नहीं अपितु संवाद के लिए संकल्पित है...!

हम सिर्फ लाभ के लिए नहीं अपितु शुभ के लिए भी संकल्पित है...!

हम सिर्फ समस्याओं को उजागर के लिए ही नहीं अपितु समाधान
के साथ सहयोग के लिए भी संकल्पित है...!

'मित्रस्यम चक्षुक्षाम देहि' की भावना वाली हमारी संवाद और
सहयोग की पत्रकारिता के साथ जुड़े।

**Webportal :**
https://www.detectivegroupreport.com
https://www.dgr.co.in

**Youtube Channal :**
http://www.youtube.com/c /DETECTIVEGROUPREPORT

**Social Media :**
Twitter
https://twitter.com/Detective_G_R

Facebook
https://www.facebook.com /DetectiveGroupReport

Instagram
https://www.instagram.com /detective_group_report

**Email us :** dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक